30/05/2024

आकाशवाणी ईटानगर

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण का प्रचार समाप्त हो गया। इस चरण में लोकसभा की सत्तावन सीटों पर आगामी एक जून को मतदान होगा, जिसमें उत्तर प्रदेश और पंजाब की तेरह-तेरह, पश्चिम बंगाल की नौ, बिहार की आठ, ओडिशा की छह, हिमाचल प्रदेश की चार, झारखंड की तीन और चंडीगढ़ की एक सीट शामिल है। इस चरण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अभिनेत्री कंगना रनौत, टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी और भोजपुरी कलाकार पवन सिंह समेत कई केंद्रीय मंत्रियों की किस्मत दाव पर होगी। लोकसभा चुनाव के सभी चरणों की मतगणना चार जून को होगी, जबकि अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम विधानसभा चुनाव की मतगणना दो जून को होगी।

000000000000000

कांग्रेस ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्रमोदी पर महात्मा गांधी पर की गई उनकी हालिया कथित टिप्पणी के लिए निशाना साधा। नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि महात्मा गांधी की प्रतिमाएं 80 से अधिक देशों में हैं और दुनिया उन्हें जानती है। उन्होंने आगे कहा कि 18वीं लोकसभा के लिए हुए चुनाव को लंबे समय तक याद रखा जाएगा क्योंकि इस चुनाव में देश का हर नागरिक जाति, पंथ, धर्म, क्षेत्र, लिंग, भाषा को भूलकर लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए एकजुट हुआ है।

0000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए मतों की गिनती 2 जून को राज्य के 24 केंद्रों पर सुबह 6 बजे से शुरू होगी। मुख्य चुनाव अधिकारी पवन कुमार सैन ने बताया कि लोकसभा चुनाव के लिए मतों की गिनती 4 जून को 25 केंद्रों पर सुबह 8 बजे से शुरू होगी। दोनों दिन मतों की गिनती के लिए 2000 से अधिक अधिकारी तैनात किए जाएंगे। मुख्य चुनाव अधिकारी पवन कुमार सैन ने यह भी कहा कि इस बार चुनाव आयोग ने एक जिले के सभी निर्वाचन क्षेत्रों के लिए एक साथ मतगणना कराने का फैसला किया है और वे दोपहर तक परिणाम घोषित करने का प्रयास करेंगे। अरुणाचल प्रदेश में 19 अप्रैल को विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ हुए थे। सत्तारूढ़ भाजपा ने 60 सदस्यीय विधानसभा में पहले ही 10 सीटें निर्विरोध जीत ली हैं और शेष 50 सीटों के लिए मतगणना 2 जून को होगी।

0000000000000000

गोवा आज अपना स्थापना दिवस मना रहा है। वर्ष उन्नीस सौ सत्तासी में आज ही के दिन गोवा को एक पूर्ण राज्य का दर्जा मिला था। गौरतलब है कि गोवा पहले एक पुर्तगाली उपनिवेश था और वर्ष उन्नीस सौ इकसठ में केंद्र शासित प्रदेश के रुप में भारत का हिस्सा बना। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल के. टी. परनाईक ने गोवा राज्य दिवस के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दीं हैं।

0000000000000000

राष्ट्रीय पर्वतारोहण एवं साहसिक खेल संस्थान, दिरांग आज अपना स्थापना दिवस मना रहा है। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के माध्यम से टीम NIMAS को स्थापना दिवस पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि पर्वतारोहण में साहसिकता एवं उत्कृष्टता की भावना को बढ़ावा देने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता वास्तव में प्रेरणादायक है।

0000000000000000000

पापुम पारे जिले के खुला कैंप के पास रविवार को डिक्रोंग नदी में डूबी एक किशोरी का शव बरामद हो गया है। एनडीआरएफ की बारहवीं बटालियन द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि करीब चौदह साल की लड़की का शव बुधवार को असम के दहघरिया गांव के पास मिला, जो घटनास्थल से करीब पैतालीस किलोमीटर दूर है। घटना की सूचना मिलने के तुरंत बाद बल ने नदी में तलाशी अभियान शुरू कर दिया था।

00000000000000000000

मौसम विभाग ने बताया है दक्षिण-पश्चिम मानसून केरल में प्रवेश कर चुका है और आज पूर्वोत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों में आगे बढ़ गया है। मानसून तय तिथि एक जून से दो दिन पहले ही आ गया है। मौसम विभाग के अनुसार अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, मेघालय और असम में मॉनसून पहुंच गया है और अगले तीन दिनों तक अरुणाचल सहित पूर्वोत्तर राज्यों के कई स्थानों पर गरज के साथ भारी वर्षा की संभावना है।

0000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के क्रिकेटर तेचि दोरिया को इंग्लैंड के वॉल्वरहैम्प्टन क्रिकेट क्लब में शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू ने इंग्लिश क्रिकेट क्लब में शामिल होने वाले अरुणाचल के पहले खिलाड़ी तेचि दोरिया को बधाई देते हुए कहा है कि यह राज्य के लिए गौरव की बात है और इससे युवाओं को प्रेरणा मिलेगी 000000000000

अरुणाचल की महिला फुटबॉल खिलाड़ी काई रुमी और जुमबालु तायांग ने इंडियन वुमेन्स लीग सेकेंड डिविजन में श्रीभूमि फुटबॉल क्लब की ओर से खेलते हुए महत्वपूर्ण योगदान दिया। मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू और उप-मुख्यमंत्री चाउना मेन ने राष्ट्रीय स्तर पर सफलता के लिए काई रुमी और जुमबालु तायांग को बधाई दी है।000000000000

भारतीय सेना की स्पीयर कोर ने ऑपरेशन सदभावना के तहत अपर सुबनसिरी के वाइब्रेंट बॉर्डर विलेज ताक्सिंग में इंटर विलेज फुत्सल टूर्नामेंट आयोजित किया। भारतीय सेना की इस मुहिम का उद्देश्य युवाओं के विकास, सामुदायिक सहभागिता, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए नियमित खेल को बढ़ावा देना है।

0000000000000000000000

भारतीय सेना की स्पीयर कोर ने ऑपरेशन सदभावना के तहत शी योमी जिले के ल्हालुंग में मल्टी यूटिलिटी हॉल स्थापित किया है। इस हॉल के बनने से विभिन्न कार्यक्रमों और सामुदायिक गतिविधियों को आयोजित करने में मदद मिलेगी

000000000000000000